परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय -2

अणुशक्ति नगर मुम्बई

सत्र : 2023-24

कक्षा VII विषय- हिन्दी

कार्यपत्रक -1

अध्याय का नाम: हम पंछी उन्मुक्त गगन के

प्रश्न- 1 निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 1 x 10

I. हम पंछी उन्मुक्त गगन के पाठ के कवि कौन हैं ?

(क) शिवमंगल सिंह सुमन (ख) नागार्जुन

(ग) भवानी प्रसाद मिश्र (घ) शिवप्रसाद

II. पक्षी कहां का जल पीना पसंद करते हैं ?

(क) तालाब का (ख) नल का

(ग) कुएं का (घ) नदी -झरनों का

III. पक्षी किस रूप में रहना चाहते हैं ?

(क) सुखी (ख) दुखी

(ग) व्याकुल (घ) उन्मुक्त

IV. पक्षी पिंजरे में क्या नहीं कर पाएंगे ?

(क) गा नहीं पाएंगे (ख) रह नहीं पाएंगे

(ग) जल नहीं पी पाएंगे (घ) देख नहीं पाएंगे

V. कनक तीलियों से टकराकर क्या हो जाएगा ?

(क) उड़ जाएंगे   (ख)   तीलियां टूट जाएंगी

(ग) पंख टूट जाएंगे   (घ)   देख नहीं पाएंगे

VI. कनक का अर्थ क्या होता है ?

(क) सोना   (ख) पीतल

(ग)   तांबा   (घ) कांसा

VII. कटुक का अर्थ होता है ?

(क) कड़वा   (ख) मीठा

(ग) तीखा   (घ) खट्टा

VIII. तरू का अर्थ क्या होता है?

(क) पेड   (ख) बेल

(ग) पिंजरा   (घ)   खाना

IX. निबौरी का अर्थ क्या होता है ?

(क) नीम का फल   (ख) पीपल का फल

(ग) अंजीर का फल   (घ)   जामुन का फल

X. उन्मुक्त का अर्थ क्या होता है?

(क) बंधन रहित   (ख) बंधन सहित

(ग) बंधा हुआ   (घ) पिंजरे में बंद

प्रश्न - 2 स्वर्ण- श्रृंखला और लाल किरण-सी में रेखांकित शब्द गुणवाचक विशेषण हैं। इस प्रकार के पांच और उदाहरण लिखिए।   (5)

प्रश्न 3. ‘भूखे-प्यासे’ में द्वंद्व समास है। इन दोनों शब्दों के बीच लगे चिह्न को सामासिक चिह्न (-) कहते हैं। इस चिह्न से ‘और’ का संकेत मिलता है, जैसे- भूखे-प्यासे भूखे और प्यासे । इस प्रकार के पांच अन्य उदाहरण लिखिए। (5)

प्रश्न - 4 निम्नलिखित अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए 2 x10

I. सुख सुविधाएं पाकर पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?
II. पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?
III. पक्षी कैसे रहना पसंद करते हैं ?
IV. पक्षियों की पंख कब टूट जाते हैं ?
V. पक्षियों को निबौरी क्यों पसंद है ?
VI. पक्षी पिंजरे में कैद रहकर क्या-क्या भूल जाते हैं ?
VII. फुनगी शब्द का अर्थ लिखिए ?
VIII. लाल किरण सी चोंच से क्या तात्पर्य है ?
IX. पक्षी किससे होडा-होडी करना चाहते हैं ?
X. पिंजरे में बंद पक्षी क्या सपना देखते हैं?

प्रश्न - 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (3 x 5)

I. या तो क्षितिज मिलन बन जाता या तनती सांसों की डोरी का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।
II. नीड ना दो चाहे टहनी का आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।
III. पक्षियों को पालना उचित है या अनुचित स्पष्ट कीजिए ?
IV. पक्षियों की स्वाभाविक विशेषताएं क्या होती है?
V. यदि आप अपने घर में पक्षी लाएंगे तो उसकी देखभाल कैसे करेंगे?

प्रश्न - 6 निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए 5 x 5

I. पक्षियों को पिंजरे में बंद करने से पर्यावरण किस प्रकार प्रदूषित होता है?
II. पक्षियों रहित वातावरण में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती है इन समस्याओं से बचने के लिए आप क्या करेंगे?
III. पक्षियों को पालने का अपना अनुभव लिखिए।

IV. यदि पक्षी ने आपके घर पर घोंसला बनाया है और अपना घर छोड़कर आप जाना चाहते हैं तो पक्षी के लिए क्या प्रबंध करके जाना चाहेंगे ?

V. हम पंछी उन्मुक्त गगन के कविता हमें क्या संदेश देती है ?